आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- नई दिल्ली में हुई जी.एस.टी परिषद की बैठक में सेब कार्टन बॉक्स पर जी.एस.टी 18 से घटाकर 12 फीसदी करने का लिया गया निर्णय।
- केन्द्रीय वित्त मंत्री ने राज्यों को केंद्र सरकार की राज्य पूंजी निवेश विशेष सहायता योजना का लाभ उठाने को कहा।
- प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के मुद्दे पर भाजपा ने बिलासपुर में किया धरना प्रदर्शन–भाजपा नेताओं ने सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने का लगाया आरोप।

और

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने विधानसभा उपचुनावों के लिए भाजपा को ठहराया जिम्मेदार–सरकार गिराने का असफल प्रयास करने का लगाया आरोप।

.............

जीएसटी बैठक

नई दिल्ली में आज केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में वस्तु व सेवा कर परिषद की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने भी भाग लिया। उन्होंने बताया की वस्तु व सेवा कर परिषद ने सेब कार्टन बॉक्स पर जीएसटी को 18 फीसदी से घटाकर 12 फीसदी करने की सिफारिश का निर्णय लिया। हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि सभी प्रकार के कार्टन बॉक्स पर जीएसटी की दरें कम करने से प्रदेश के बागवानों को लाभ होगा और कार्टन उद्योग को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने जीएसटी परिषद का आभार जताते हुए कहा कि इस निर्णय से उद्योगों की कार्यशील पूंजी लागत भी कम होगी। इसके अलावा जीएसटी परिषद की बैठक में लघु व मध्यम करदाताओं की शिकायतों व अनुपालन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

केन्द्रीय मंत्री

इस बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि समय पर कर हस्तांतरण, वित्त आयोग से अनुदान और जीएसटी क्षतिपूर्ति बकाया के माध्यम से राज्यों को केंद्र के समर्थन का उद्देश्य राज्यों में विकास को बढ़ावा देना है। वित्त मंत्री ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय बजट 2024–25 के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यों से केंद्र सरकार की राज्य पूंजी निवेश विशेष सहायता योजना का लाभ उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि हालांकि इस योजना के अंतगर्त ज्यादातर ऋण लचीले हैं, लेकिन कुछ ऋण नागरिक–केंद्रित सुधारों और क्षेत्र–विशिष्ट पूंजी परियोजनाओं को लागू करने वाले राज्यों पर सशर्त हैं।

भाजपा

प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के मुददे पर भाजपा ने आज बिलासपुर में धरना प्रदर्शन किया। इसमें विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित अन्य पार्टी नेताओं ने भाग लिया। अपने संबोधन में जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में पिछले लगभग डेढ़ वर्ष में प्रदेश में आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं और चिट्टा माफिया का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि इस दौरान हत्या के अनेक मामले हुए हैं और राज्य सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह नाकाम रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हिमाचल की शांति भंग कर दी है और अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोलीकांड में कांग्रेस के पूर्व विधायक बम्बर ठाकुर और उनके बेटे का नाम जुड़ा है लेकिन प्रशासन कुछ भी नहीं कर रहा है। विपक्ष के नेता ने कहा कि जब न्यायालय और डी.सी. व एस.पी. कार्यालय के सामने गोलियां चलती हैं तो जनता असुरक्षित महसूस करती हैं।

भाजपा–2

इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने राज्य सरकार को माफिया राज और गुंडाराज की सरकार करार दिया। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा की सरकार को कोई परवाह नहीं है और प्रदेश में हर दिन आपराधिक घटनाएं घट रही हैं।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी ने धनबल का खूब उपयोग किया लेकिन जनता ने उसे नकार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार मित्रों और पत्नी की सरकार बनकर रह गई है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में अभी तक हत्या के तीन सौ से अधिक जबकि नशीले पदार्थों के 2 हजार से अधिक मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को बढ़ती आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भाजपा पर तीन निर्दलीय विधायकों को त्यागपत्र देने के लिए उकसाने और उन्हें अपने पक्ष में करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राज्य सरकार को अस्थिर करने का असफल प्रयास किया और प्रदेश में विधानसभा उपचुनावों के लिए भाजपा जिम्मेदार हैं। प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार जनकल्याण के लिए समर्पित है और सरकार ने पुरानी पैंशन योजना बहाल करने के अलावा महिलाओं को 15 सौ रुपये की सम्मान राशि जारी कर इतिहास रचा है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी तीनों विधानसभा क्षेत्रों में जीत हासिल करेगी।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज जुब्बल कोटखाई क्षेत्र में लगभग 52 करोड़ रूपए की विकास योजनाओं के उदघाटन किए। इनमें हाटकोटी में नवनिर्मित 66 के.वी. विद्युत उप केन्द्र, अंटी पंचायत में 2 करोड़ 59 लाख रूपए से बनी बहाव सिंचाई योजना के तीसरे चरण और संसोग स्कूल में 66 लाख

रूपए से निर्मित भवन का लोकार्पण शामिल है। रोहित ठाकुर ने कहा कि हाटकोटी में विद्युत उप केन्द्र के बनने से क्षेत्र के लोगों को बिजली की समस्या से निजात मिलेगी और जुब्बल के अलावा रोहड़ू क्षेत्र के लोग भी इससे लाभान्वित होंगे। शिक्षा मंत्री ने बताया कि अंटी पंचायत में 5 करोड़ 40 लाख रूपए की लागत से सिंचाई योजना के 2 अन्य चरणों का कार्य भी जल्द पूरा किया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने वृद्धावस्था पैंशन संबंधी मामलों के भुगतान के लिए पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। चंबा में आज जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि इन शिविरों में लाभार्थियों को पैंशन का वितरण किया जाए। पठानिया ने जलशक्ति विभाग को चंबा के अनेक स्थानों पर मल निकासी योजना के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के तहत आपातकालीन वार्ड में भर्ती रोगियों के लिए अल्ट्रासांउड सुविधा जल्द उपलब्ध करवाई जाए।

संसद सत्र

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार 24 जून से शुरू होगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को शपथ दिलायी जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद भर्तृहरि महताब सदस्यों को शपथ दिलायेगे। उन्हें अस्थाई अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। लोकसभा के नए अध्यक्ष का चुनाव 26 जून को होगा जबकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 27 जून को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राज्यसभा का सत्र 27 जून से शुरू होगा। संसद सत्र 3 जुलाई को संपन्न हो जाएगा।

बाली

राज्य पर्यटन विभाग के अध्यक्ष आर.एस.बाली ने कहा है कि टांडा मैडिकल कॉलेज के डाक्टरों ने गुर्दे का सफल प्रत्यारोपण ऑपरेशन कर स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान हासिल किया है। उन्होंने इसके लिए अस्पताल की टीम को बधाई दी है। बाली ने कहा कि गुर्दे के प्रत्यारोपण की सुविधा मिलने से एक ओर जहां मरीजों को लाभ मिलेगा वहीं उन्हें पी.जी.आई और एम्स के चक्कर भी नहीं लगाने पड़ेगें। उन्होंने बताया कि हिमकेयर और आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को गुर्दा प्रत्यारोपण की सुविधा का निःशुल्क लाभ मिलेगा। आर.एस.बाली ने कहा कि टांडा अस्पताल में मरीजों के लिए ओपन हार्ट सर्जरी व ट्रॉमा सेंटर की सुविधा मुहैया करवाना सरकार की प्राथमिकता है और इस कार्य को जल्द पूरा किया जाएगा।

शूलिनी मेला

सोलन में इन दिनों राज्य स्तरीय शूलिनी मेले की धूम है। मेले के दूसरे दिन आज मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। देश के कई नामी–गिरामी पहलवान कुश्ती में भाग लेने के लिए सोलन पहुंचे हैं और आज बड़ी संख्या में लोगों ने पहलवानों के

दंगल का आंनद लिया। मेले में कुश्ती के अलावा वॉलीबॉल, कबड्डी, शतरंज, महिलाओं की रस्सा–कस्सी और अन्य प्रतियोगिताएं भी करवाई जा रही है।

इस बीच मेले में बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। इसमें शहद, फूलों व सब्जियों के बीज, आचार, जैम और जूस आदि प्रदर्शित किए गए हैं।

<u>विनय कुमार</u>

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने आज रेणुका विधानसभा क्षेत्र के द्राबिल में जन सुनवाई की। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटारा किया। विनय कुमार ने अधिकारियों को लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेने और उनके तुरंत निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि द्राबिल–कैल और घाटों–कैल सड़कों के निर्माण का कार्य जल्द शुरू किया जाए। विनय कुमार ने कहा कि वे क्षेत्र के लोगों की मांगों को राज्य सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाएंगे।

<u>आशीष शर्मा</u>

पूर्व विधायक और हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा राज्य सरकार को गिराने के लिए षड़यंत्र रचने से जुड़े मामले में आज शिमला के बालूगंज पुलिस थाने में पेश हुए। इस दौरान पुलिस ने उनसे करीब दो घंटे पूछताछ की। आशीष शर्मा पर आरोप है कि उन्होंने राज्य सरकार को गिराने का षड़यंत्र रचा और कांग्रेस के 6 तत्कालीन बागी विधायकों के ठहरने, खाने पीने और हैलिकॉप्टर से ले जाने का प्रबंध किया। आशीष शर्मा ने बताया कि उन्होंने पुलिस के हर सवाल का जवाब दिया है। उन्होंने राज्य सरकार पर विधायकों के खिलाफ झूठी एफ.आई.आर. दर्ज करने और प्रशासन के दुरूपयोग का आरोप लगाया।

<u>पठानिया</u>

विधानसभा में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज कांगड़ा जिले में रैत क्षेत्र की भितलू पंचायत में 88 लाख रूपए से बनने वाली कुट–चम्यारा सड़क का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि धारकंडी और करेरी क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। पठानिया ने कहा कि इलाके में बिजली की समस्या के समाधान के लिए सुखुघाट में 22 लाख रूपए की लागत से एक विद्युत ट्रांस्फार्मर लगाया जाएगा।

.....................................................................................